प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

3 मार्च 2023

दीर्घावधि रेपो परिचालन (एलटीआरओ) और लक्षित दीर्घावधि रेपो परिचालन (टीएलटीआरओ) के अंतर्गत परिचालन के लिए प्रत्यावर्तन की तारीख में अवकाश के कारण परिवर्तन

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 9 मार्च 2020 को दीर्घावधि रेपो परिचालन (एलटीआरओ) और 9 अप्रैल 2020 को लक्षित दीर्घावधि रेपो परिचालन (टीएलटीआरओ) आयोजित किए थे। इन परिचालनों के प्रत्यावर्तन की तारीख क्रमशः 7 मार्च 2023 और 7 अप्रैल 2023 है।

2. जैसा कि महाराष्ट्र सरकार ने परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 25 के के अंतर्गत 7 मार्च 2023 (होली) और 7 अप्रैल 2023 (गुड फ्राइडे) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है, उपरोक्त एलटीआरओ और टीएलटीआरओ के प्रत्यावर्तन की तारीखों को निम्नानुसार आशोधित किया गया है:

परिचालन का विवरण	प्रत्यावर्तन की मूल तारीख	प्रत्यावर्तन की नई तारीख
दिनांक 9 मार्च 2020 को आयोजित एलटीआरओ	7 मार्च 2023 (मंगलवार)	8 मार्च 2023 (बुधवार)
दिनांक 9 अप्रैल 2020 को आयोजित टीएलटीआरओ	7 अप्रैल 2023 (शुक्रवार)	10 अप्रैल 2023 (सोमवार)

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1825